# नए बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू, आदेश न मानने वाली बसों पर प्रशासन की पैनी नजर

सतना।

शहर के बाईपास पर नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से गुरुवार से बसों का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशों के बाद अब रीवा,अमरपाटन और मैहर मार्ग की सभी बसों को नए बस स्टैंड से ही संचालित किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

### प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 10 हजार का जुर्माना वसूला

संचालन के पहले ही दिन प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने उन बस ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई की,जो कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना कर पुरानी जगह (सेमरिया चौक स्थित पुराने बस स्टैंड) से बसें खड़ी कर रहे थे। एसडीएम राहुल सिलाड़िया,डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे और टीआई पंकज शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने 5 बसों के चालान काटे। प्रत्येक बस पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कुल 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

### बसों की लुका-छिपी

कार्रवाई से बचने के लिए कई बस चालकों ने अपनी बसें हवाई अड्डा रोड (एयरपोर्ट रोड) पर छिपाकर खड़ी कर दी थीं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई पर बस ऑनर्स एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गौतम ने कहा कि प्रशासन को इतनी जल्दबाजी में चालानी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने तर्क दिया कि अभी नए टर्मिनल पर कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।




### बस मालिकों की प्रमुख मांगें

टर्मिनल पर यात्रियों के बैठने के इंतजाम,कार्यालय,बिजली और पानी की सुविधा अभी पूरी तरह ठीक नहीं है। बसों की टाइमिंग में संशोधन और बस मालिकों को दुकानों का आवंटन अभी लंबित है। कैंपस में अभी तक गार्ड की व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि वे कलेक्टर के आदेश का सम्मान करते हैं और नए स्टैंड से संचालन के लिए तैयार हैं,लेकिन जो कमियां हैं उन्हें दूर करने के लिए प्रशासन को थोड़ा समय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना सुविधाओं के सुचारू संचालन में कठिनाई आ रही है।

## खबर संक्षेप

### सरभंगा में वृद्धाश्रम के समीप बाघ की चहलकदमी,सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**सतना।** जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित सरभंग मुनि आश्रम परिसर के समीप बने वृद्धा आश्रम में एक बाघ की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में रिकॉर्ड हुआ यह दृश्य अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसने क्षेत्र में सनसनी और चिंता दोनों बढ़ा दी हैं। वीडियो में बाघ को आश्रम परिसर के आसपास शांतिपूर्वक घूमते देखा जा सकता है,जिससे यह स्पष्ट होता है कि वन्यजीवों की आवाजाही अब मानव बस्तियों तक पहुंच चुकी है। वन विभाग के अनुसार यह इलाका मझगवां वन परिक्षेत्र में आता है,जहां बीते कुछ समय से बाघों और अन्य वन्य प्राणियों की मौजूदगी के संकेत लगातार मिल रहे हैं। इससे पहले भी इस तरह की तस्वीर सामने आती रही हैं।

### बिरसिंहपुर में मकर संक्रांति पर जलाभिषेक को लेकर मंदिर में विवाद



**सतना।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभापुर थाना अंतर्गत बिरसिंहपुर के गैबीनाथ मंदिर में प्रथम जलाभिषेक को लेकर पुजारी और माली संघ के बीच तीखी झड़प हो गई। खबर है कि विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच हाथापाई और मारपीट हुई। सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी के अनुसार, पुलिस हाथापाई या लाठियां चलने की बात से इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष प्रथम जलाभिषेक के मुद्दे पर अड़ गए थे और आवेश में आकर जलहरी पर सिर पटक-पटक कर खुद को घायल कर लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट के आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आसपास के दुकानदारों व फरियादियों के बयान दर्ज कर घटना की वास्तविकता का पता लगा रही है।

### अटल बिहारी वाजपेयी टेनिस बॉल क्रिकेट: रोमांचक मुकाबलों में वार्ड-39 और वार्ड-3 की जीत

**सतना।** स्मार्ट सिटी के धवारी स्टेडियम में आयोजित 'अटल बिहारी वाजपेयी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट (महापौर कप)' में गुरुवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। नगर निगम परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी (पालन) ने मैदान पर पहुँचकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। पहला मैच वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 39 के बीच हुआ,जिसमें वार्ड 39 ने 38 रनों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 3 और वार्ड क्रमांक 38 के बीच खेला गया। वार्ड 3 ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को 53 रनों से शिकस्त दी। वार्ड क्रमांक 37 और वार्ड क्रमांक 5 के बीच हुआ,जिसमें वार्ड 37 ने शानदार खेल दिखाते हुए 27 रनों से जीत हासिल की। इस अवसर पर टूर्नामेंट के संयोजक डॉ.श्रीराम मिश्रा,मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में 386 की हुई जांच

**सतना।** मकर संक्रांति के अवसर पर उचेहरा जनपद के ग्राम पंचायत पोंडी क्षेत्र के लोकदेवता छत्रपाल बाबा मंदिर परिसर डुड़हा में लगने वाला पारंपरिक मेला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एचडब्ल्यूसी अमदरी एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय पतौरा के माध्यम से किया गया। जिसमें डॉ विनोद कुमार पाण्डेय,डॉक्टर धीरज दाहिया,डॉक्टर विनोद कुमार प्रजापति ने 386मरीजों की नि:शुल्क उच्च रक्तचाप,मधुमेह स्त्री रोग,ज्वर,उदर विकार,कास,वात व्याधी,दौवल्यता, व अन्य रोगों का उपचार करते हुए स्वास्थ्य लाभ देंने के साथ उपचार एवं मौसमी बीमारी श्वास,अस्थमा ,हृदय रोग आदि में बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में बताया गया शुगर एवं ब्लड प्रेशर की भी नि: शुल्क जांच की गई। शिविर में सुभाष मोहन रावत,सौरभ सिंह बघेल,इंद्रावती चौबे,बूटीबाई रजक,शीलू सिंह,शिवम त्रिपाठी,सुरेश रजक,के अलावा जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सर्जना से अध्यक्ष सुरेश दाहिया,कोषाध्यक्ष बलिराम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत: बीमार पत्नी का इलाज करवाकर लौट रहे पति गंभीर घायल, ड्राइवर फरार



सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कृपालपुर के पास गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इस दुर्घटना में महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,मृतका की पहचान निर्मला वर्मा (50 वर्ष) पत्नी एडवोकेट लक्ष्मण प्रसाद वर्मा के रूप में हुई।वे मूल रूप से बर्दाडीह की रहने वाली थीं और वर्तमान में नई बस्ती,पोस्ट खम्हरिया,थाना कोटर क्षेत्र में निवास कर रही थीं। बताया गया कि लक्ष्मण प्रसाद अपनी बीमार पत्नी निर्मला का माधवगढ़ में इलाज कराने के बाद बाइक से वापस नई बस्ती लौट रहे थे। जैसे ही वे कृपालपुर में अंबेडकर प्रतिमा के सामने पहुंचे,पीछे से आ रहे एक डंपर (ट्रक) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि निर्मला वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि लक्ष्मण प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल लक्ष्मण प्रसाद को जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उनका इलाज जारी है।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सतना-चित्रकूट मार्ग पर अर्टिगा और ट्रक की सीधी भिड़ंत,एक की मौत







**प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु,कोठी के पास हुआ हादसा; दो घायल**

सतना।

सतना-चित्रकूट मार्ग पर कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी लोग छत्तीसगढ़ के निवासी थे, जो प्रयागराज माघ मेले में गंगा स्नान कर वापस लौट रहे थे।

### भीषण टक्कर के बाद मची चीख-पुकार

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,दुर्घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे कोठी पेट्रोल पंप के पास हुई। छत्तीसगढ़ पासिंग की अर्टिगा कार चित्रकूट दर्शन के बाद सतना की ओर आ रही थी,तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक MP19 HA 4365 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### मृतक एवं घायलों की पहचान

हादसे में कवर्धा (छत्तीसगढ़) निवासी संजय चंद्रवंशी 40 वर्ष पिता आजूराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं,घायलों में रामचंद्र चंद्रवंशी 51वर्ष और शालिगराम चंद्रवंशी 47 वर्ष शामिल हैं। घायलों को तत्काल स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार जारी है।

### फरार ड्राइवर की तलाश में पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, हालांकि ट्रक चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर फरार चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। घटना दोपहर,करीब 3:00 बजे कोठी पेट्रोल पंप के पास,सतना-चित्रकूट मार्ग हुई।

# शहर का 'आईना' हुआ धुंधला; शराबियों और असामाजिक तत्वों का गढ़ बना मझगवां रेलवे स्टेशन







सतना।

किसी भी शहर का बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन उस क्षेत्र का 'आईना' होते हैं। बाहर से आने वाले यात्री सबसे पहले इन्हीं स्थानों को देखकर शहर की स्वच्छता,सुरक्षा और व्यवस्था का मूल्यांकन करते हैं। लेकिन मझगवां में यह आईना पूरी तरह से धूल फांक रहा है। वर्तमान में मझगवां रेलवे स्टेशन और उसका आस पास का इलाका यात्रियों के लिए सुविधा केंद्र बनने के बजाय पियक्कड़ों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है।

### शाम ढलते ही सजती है 'महफिल', प्रतीक्षालय बना सुरक्षित जोन

मझगवां रेलवे स्टेशन की स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि रात्रि के समय किसी भी सभ्य व्यक्ति या परिवार का यहाँ रुकना खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार,सूरज ढलते ही स्टेशन परिसर और प्रतीक्षालय में असामाजिक तत्वों का डेरा जम जाता है। यहाँ धड़ल्ले से गांजा और शराब की पार्टियां चलती हैं। आलम यह है कि पूरे परिसर में शराब की खाली बोतलें,नमकीन के पैकेट और गंदगी बिखरी रहती है,जो यात्रियों के लिए भारी असुविधा और घृणा का कारण बनती है।

### आरपीएफ चौकी की मौजूदगी पर उठे सवाल

हैरानी की बात यह है कि मझगवां रेलवे स्टेशन पर बाकायदा रेलवे सुरक्षा बल की चौकी मौजूद है। आर पी एफ की प्राथमिक जिम्मेदारी स्टेशन परिसर को सुरक्षित रखना और वहां होने वाली अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। बावजूद इसके, पियक्कड़ों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन ने इन असामाजिक तत्वों को खुली छूट दे रखी है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश: सुरक्षा राम भरोसे

स्टेशन के आसपास रहने वाले रहवासियों का कहना है कि मझगवां स्टेशन अब पियक्कड़ों के लिए 'सेफ जोन' में तब्दील हो चुका है। महिलाओं और बच्चों के साथ सफर करने वाले यात्री रात के समय खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

### इनका कहना

प्रशासन की विफलता के कारण ही जिले का यह महत्वपूर्ण स्टेशन अपनी गरिमा खो रहा है। यदि समय रहते इन पर शिकंजा नहीं कसा गया,तो यहाँ किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

**स्थानीय निवासी**

## हत्या की नियत से चाकूबाजी करने वाली महिला आरोपी गिरफ्तार, कोलगवां पुलिस ने भेजा जेल

सतना।

शहर के व्यस्ततम इलाके टाउन हॉल के पास मोबाइल न देने पर जानलेवा हमला करने वाली आरोपी महिला को कोलगवां थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### क्या था मामला?

घटना बीते 22 दिसंबर 2025 की है। बंगाल स्वीट्स के सामने,टाउन हॉल के पास एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 20-25 वर्ष ने फरियादी से उसका मोबाइल फोन मांगा। जब फरियादी ने मोबाइल देने से इनकार कर दिया,तो महिला ने जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस



घटना के बाद थाना कोलगवां में बीएनएस की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां सुदीप सोनी की टीम ने जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे फुटेज खंगालने पर आरोपी महिला की पहचान हुई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। लाली चौधरी उर्फ लक्ष्मी 20 वर्ष,पिता चंदू उर्फ चंद्रकिशोर चौधरी निवासी राजेंद्र नगर गली नंबर 01,थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू (आलाजरब) भी बरामद कर लिया है। आरोपी को माननीय न्याया.लय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अमरपाटन में बसपा का शक्ति प्रदर्शन: मायावती के जन्मदिन पर 2028 के विधानसभा चुनाव का बजाया बिगुल

**सतना।** अमरपाटन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का जन्मदिन आज मैहर जिले के अमरपाटन में 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय स्वर्गीय कप्तान लाल प्रताप सिंह स्टेडियम में आयोजित इस विशाल कार्यक्रम के जरिए बसपा ने साल 2028 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अभी से हुंकार भर दी है।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-** उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंजीनियर रामजी गौतम मुख्य रूप से शामिल हुए। आयोजक अमरपाटन विधानसभा प्रभारी एवं वरिष्ठ बसपा नेता जितेंद्र प्रताप सिंह (जित्तू भैया)। कार्यक्रम में रीवा और मैहर सहित आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद इंजीनियर रामजी गौतम ने सत्ताधारी दल और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल द्वारा बसपा के इस कार्यक्रम को रोकने और कैंसिल कराने के हर संभव हथकंडे अपनाए गए,लेकिन जनता के भारी जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि बहुजन समाज पार्टी की लहर को रोकना नामुमकिन है। कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र प्रताप सिंह ने हुंकार भरते हुए कहा कि मैहर जिले की दोनों सीटों (मैहर और अमरपाटन) पर बसपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अब भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सीधे जनता के बीच जाएगी। मैहर की इस धरती से आज चुनावी शंखनाद हो चुका है,जिसका असर पूरे प्रदेश में दिखेगा।



## खबर संक्षेप

### गुनौर में धान खरीदी केंद्रों में अनियमितताएं



**गुनौर।** मण्डी प्रांगण गुनौर संचालित धान खरीदी केंद्र सहित अन्य धान खरीदी केंद्रों में अनियमितताएं सामने आई हैं, जहां किसानों का कहना था कि हमसे 41 किलो प्रति बोरी वजन लिया गया है और बाद में उससे कटिंग किया जाता है। इसके अलावा, व्यापारियों से पैसा ले कर खराब धान को बिना ग्रेडर की खरीदी गई है और किसानों से निर्धारित रेट से अधिक पैसे वसूले गए हैं। कथित तौर पर, कुछ खरीदी केंद्रों में तहसीलदार ने स्वयं निरीक्षण में पाया कि किसानों की धान तुलाई निर्धारित मात्रा से अधिक वजन लिया जा रहा था तथा ग्रेडिंग के नाम पर भी निर्धारित रेट से अधिक पैसा किसानों से लिया जा रहा था, लेकिन तहसीलदार गुनौर ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। किसानों का आरोप है कि यह मामला प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है ऐसे मामलों में तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

### मकर संक्रांति पर अमानगंज नगर में निकाली गई विशेष प्रभात फेरी



**अमानगंज।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर नगर में विशेष प्रभात फेरी का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। प्रातःकाल सभी देवालयों में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान को प्रसाद अर्पित किया गया। इसके पश्चात रामधुन के साथ प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। रामधुन और भजन-कीर्तन से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। प्रभात फेरी ने नगर भ्रमण करते हुए सभी प्रमुख देवालयों में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया, जहां प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नगरवासियों ने मकर संक्रांति पर्व को आपसी सौहार्द, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया तथा नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

### माता कलेही देवी मंदिर प्रांगण में 19 जनवरी से होगा श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा

**पन्ना।** जगत जननी माता कलेही और भाटेश्वर सरकार की कृपा से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 श्री प्रमोद बिहारी दास जी महाराज खजुरी ताल बरा आश्रम के तत्वाधान में नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से आगामी 19 जनवरी से पवई नगर के पवित्र पत्ने नदी के किनारे स्थित माता कलेही देवी मंदिर परिसर में विशाल श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ 19 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ 19 जनवरी को कलश यात्रा एवं आवाहन के साथ होगा और 28 जनवरी को प्रसाद वितरण भंडारे के साथ समापन होगा।

## संभागायुक्त ने की विभागीय समीक्षा, समयावधि में प्रगति लाने दिए निर्देश

# प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए किसानों को करें जागरूक- कमिश्नर

### संकल्प से समाधान अभियान में नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के शत-प्रतिशत प्रकरणों का हो निराकरण




**पन्ना।** जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इसे अपनाने के लिए किसानों को जागरूक करने सहित सभी कृषि योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। प्रत्येक माह स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक भी आयोजित करें। संकल्प से समाधान अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर समस्त पात्र हितग्राहियों को 16 विभागों की चिन्हांकित योजनाओं से लाभांवित करें। इसके लिए जनप्रतिधियों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस अभियान में सामाजिक संगठनों को भी जोड़ें। उक्ताशय के निर्देश कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दिए। संभागायुक्त ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बिन्दुओं पर विभागवार प्रगति की समीक्षा कर 5 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों और कार्रवाई की जानकारी भी ली गई। कमिश्नर ने सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक खबरों के तत्काल खण्डन, विधानसभा स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष की स्थापना सहित संकल्प से समाधान अभियान के दौरान जरूरतमंदों के लिए आंख के चश्मे, दिव्यांग हितग्राहियों को उपकरणों के वितरण सहित हार्ट ऑपरेशन के लिए मरीजों का चिन्हांकन करने सहित इस महत्वाकांक्षी अभियान में नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा नगरीय निकायों द्वारा भवन एवं अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरण की अविलंब कार्रवाई करने तथा प्रतिदिन अवगत कराने, पानी टंकियों की हर माह साफ-सफाई, अनफिट बसों के संचालन पर रोकथाम तथा कानून व्यवस्था नियंत्रण के तहत अधिकाधिक कार्रवाई एवं हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान गत 12 जनवरी से आरंभ हुए संकल्प से समाधान अभियान में 4 दिवस के दौरान ऑनबोर्ड आवेदन और ग्राम पंचायतवार दल के गठन की जानकारी लेकर अतिरिक्त रूप से गैर अधिसूचित विभागीय सेवाओं का लाभ भी आवेदकों को प्रदान कर अनिवार्य रूप से डाटा एंट्री के लिए भी निर्देशित किया गया।


### पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध करें कार्रवाई

कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि जिले में निरंतर रूप से खाद के सुचारू वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों को पराली जलाने के नुकसान के बारे में जागरूक करें। बार-बार लापरवाही बरतने वाले किसानों के विरूद्ध प्रकरण भी तैयार किया जाए। शत-प्रतिशत पात्र किसानों को समय सीमा में ड्रिप-स्प्रिंकलर सेट प्रदान करने के लिए भी कहा। संभागायुक्त ने उद्यानिकी विभाग अंतर्गत विकासखण्डवार क्लस्टर गठन और कार्ययोजना के बारे में पूछा तथा लक्ष्य मुताबिक अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह पशुपालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाओं में वांछित प्रगति के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया। बैठक में जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार के संबंध में निर्देश देते हुए एक बगिया मां के नाम योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, गर्भवती माताओं के आवश्यक जांच के लिए समय पर पंजीयन, स्वास्थ्य संस्थाओं से मरीजों के सक्सेसफुल डिस्चार्ज के लिए आवश्यक प्रयास, आयुष्मान कार्ड इत्यादि की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी समीक्षा कर निरंतर रूप से बेहतर स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### ब्याज सब्सिडी स्कीम का प्रदान करें लाभ

कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में जिला कौशल विकास समिति की हर माह समीक्षा बैठक आयोजित करने, नगरीय क्षेत्रों में संशोधित समय-सारणी अनुसार पट्टा वितरण की कार्यवाही, होमलोन की ब्याज सब्सिडी स्कीम के लाभ के लिए नगरीय निकायों से अनुज्ञा प्राप्त करने के दौरान ही आवेदकों को इस संबंध में अवगत कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि का दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध आरआरसी जारी करने तथा नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छता में बेहतर कार्य के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा पीपीपी मोड में बनने वाले गीता भवन के लिए नगरीय निकायों में जमीन के चिन्हांकन, अमृत योजना तथा पीएम स्वनिधि की प्रगति एवं प्रस्तावित श्वान आश्रय स्थल सहित फॉर्मर रजिस्ट्री व स्वामित्व योजना के शेष कार्यों में प्रगति लाने तथा लंबित भू-अर्जन मामलों के निराकरण के निर्देश भी दिए गए। कमिश्नर श्री सुचारी ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, मिशन कर्मयोगी अंतर्गत शासकीय सेवकों द्वारा प्राप्त किए गए आईगॉट प्रशिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत नामांकन एवं प्रवेश के संबंध में 45 विद्यालयों का मैपिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने, जनशिक्षक द्वारा सतत भ्रमण सहित बालिका शौचालयों के नए निर्माण व मरम्मत तथा शिक्षकों द्वारा टेबलेट क्रय एवं उपयोग की जानकारी भी ली गई। इसके अलावा धान उपार्जन अंतर्गत परिवहन व भण्डारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर प्रत्येक विधानसभा में घोषित एक-एक वृन्दावन ग्रामों के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की एकल नल जल योजना के कार्यों व नल कनेक्शन कार्य की स्थिति के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे सहित एसडीएम एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को भी बड़े उत्साह के साथ जहां डुबकी लगाकर सूर्य भगवान को अर्घ देकर मनाया, मेला में उमड़ी भक्तों की भीड़



**जिले में मेलों में पुलिस की जिम्मेदारी जहां एक चुनौती भरी दास्तां रहती है अजयगढ़ में अजयपाल के मेला में किले में स्वयं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान ने जहां मेले का जायजा भी लिया वहीं दर्षन लाभ लेकर लोगों में विष्वास की दिषा पुलिस को लेकर बनी रहे इस तरह से समय के साथ पुलिस की चौकसी भी जानी गई, सुरक्षा का दायित्व तो पुलिस के द्वारा निभाया ही जा रहा है वहीं मेलों में अभी तक इस पर्व को बड़े उत्साह से मनाये जाने की खबर मानी जा रही है।**

**पन्ना।** मकर संक्रांती का पर्व 15 जनवरी को भी जहां बड़े उत्साह के साथ लोगों ने बुडकी लगाकर तरह-तरह से भगवान सूर्य भगवान को जल अर्पित करते हुये सूर्य भगवान की आराधना की वहीं आज के दिन जहां घरों में भी लोगों ने आस्था के साथ बुडकी का पर्व मनाया जो बुन्देलखण्ड का प्रमुख पर्व माना जाता है वहीं तिली के लड्डू तथा खिचड़ी का यह प्रमुख पर्व होता है इसके साथ-साथ समूचे बुन्देलखण्ड में मेलों का आयोजन इस पर्व में देखने को मिलता है। जिला मुख्यालय पन्ना से कई जगह जहां इस पर्व में दूर-दूर कस्बों में भी मेले लगते है वहीं अजयपाल का मेला अजयगढ़ में बड़े मेले के रूप में माना जाता है जो आज 15 जनवरी को भी आस्था की डुबकी के रूप में यह पर्व अजयगढ़ में पहाड़ चढकर किले में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने अजयपाल के किले में जहां परंपरागत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दर्षन लाभ लेकर बड़े उत्साह के साथ पर्व मनाया वहीं मेलों में पुलिस को लेकर दायित्व का भी चुनौती भरे होते है सुरक्षा को लेकर जहां अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान स्वयं ही अजयगढ पहुंचकर अजयपाल के किले में पहुंचकर जहां पुलिस के दायित्वों व कर्तव्यों को परखा ही साथ-साथ आपने भी दर्षन लाभ लिये निष्चिततौर पर यह पर्व आस्था का बड़ा ही त्यौहार माना जाता है जो बुन्देलखण्ड के प्रमुख त्यौहारों में से बुडकी का पर्व कहते है। आज के दिन जहां खिचड़ी का पर्व भी कई जगह माना जाता है मेलों का आयोजन गांव से लेकर कस्बों व कई जगह बड़े मेलों के रूप में जहां श्रद्धालु अपनी जरूरत का सामान खरीदने को लेकर भी पहुंचते है वहीं इन मेलों में दूर-दराज से भी दुकानदार अपनी



दुकानें लगाकर व्यवसाय के रूप में लाभ कमाने का कार्य करते है। यह हमारी प्राचीन समय से संस्कृति का पर्व भी माना जाता है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान ने जहां पुलिस के कर्तव्यों व दायित्वों को लेकर स्वयं पहुंचकर अजयगढ मेले में जायजा लिया तथा किले तक ऊपर पहुंचकर जहां श्रद्धालुओं के बीच में पुलिस की उपस्थिती के साथ-साथ विष्वास जहां आम जनता में पुलिस के प्रति भी कायम रहा वहीं दर्षन लाभ भी आपके द्वारा लिये गये वहीं जमीनी स्तर पर पुलिस की कार्य प्रणाली को भी जाना गया। मेलों के आयोजन में पुलिस के लिये जो चुनौती भरा दायित्व रहता है अभी तक समूचे जिले में शांति के साथ पर्व की खबर मानी जा रही है।


**गोली लगने से एक की हालत गंभीर, दोनों को कटनी किया गया रेफर**

## जमीनी विवाद में ग्राम कृष्णागढ़ में खूनी संघर्ष, दो घायल

**पवई।** पन्ना जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है।



घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दूसरे को भी सिर में चोट आई है। दोनों घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार घायल मोहम्मद रईस पिता झुम राती उम्र लगभग 50 वर्ष की बहन सबीना अख्तर पति स्वर्गीय अकरम खान की ससुराल ग्राम कृष्णगढ़ में है। बताया जा रहा है कि सबीना अख्तर का अपने देवर अफजल खान से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते देवर द्वारा उसे लगातार परेशान किया जा रहा था, जिससे वह अपने मायके ग्राम ककरहटी में रह रही थी। बुधवार को सबीना अख्तर अपनी ससुराल कृष्णगढ़ पहुंची, जहां देवर अफजल खान ने उसे पुनः यह कहकर अपमानित किया कि वह यहां क्यों आई है और वापस चली जाए, क्योंकि यहां उसका कोई हक नहीं है। इसी बात को लेकर भाभी और देवर के बीच विवाद हो गया, जिसकी शिकायत सबीना अख्तर द्वारा बुधवार शाम पवई थाना में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया था। घटना की जानकारी मिलने पर सबीना अख्तर का भाई मोहम्मद रईस ग्राम ककरहटी से अपनी बहन की सहायता के लिए गुरुवार सुबह कृष्णगढ़ पहुंचा। इसी दौरान विवाद ने उग्र रूप ले लिया और आरोप है कि अफजल खान ने रईस पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अपने बचाव में रईस ने अफजल पर डंडे से वार किया, जिससे अफजल के सिर में चोट आई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से गोली लगने से घायल रईस को तत्काल पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कटनी रेफर किया गया। कुछ समय बाद घायल अफजल को भी पवई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे भी कटनी रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी भावना सिंह दांगी एवं थाना प्रभारी सुशील कुमार दल वल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा घटना से संबंधित सभी पहलुओं की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



## पाण्डव राजप्रयाग पंडवन में लगा भव्य मेला, दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु



**अमानगंज।** पाण्डव राजप्रयाग पंडवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु एवं पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचे। पौराणिक एवं धार्मिक आस्था से जुड़े इस मेले में लोगों ने पाण्डव बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा सात नदियों के पावन संगम के दर्शन का पुण्य लाभ लिया। मेले के दौरान संपूर्ण क्षेत्र श्रद्धा और भक्ति के माहौल से सराबोर नजर आया। श्रद्धालु सुबह से ही संगम स्थल पर स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। मान्यता है कि यहां सात नदियों का संगम होने से इस स्थल का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों एवं मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों सहित परिवारों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ बाहर से आए दुकानदारों की चहल-पहल से मेला स्थल जीवंत दिखाई दिया। प्रशासन एवं मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे मेला शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए इसे आस्था, संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम बताया।

## धान खरीदी केन्द्र में भ्रष्टाचार के आरोप

### किसानों की शिकायतें अनसुनी



**रैपुरा।** जिले के खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्होंने खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं की जानकारी ळड (जिला महाप्रबंधक) को देने का प्रयास किया, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे किसानों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ती जा रही है। खरीदी व्यवस्था को लेकर विवाद उस समय और गहरा गया जब ळड (जिला महाप्रबंधक) द्वारा यह कहा गया कि निर्धारित 40.600 किलोग्राम के स्थान पर 41 किलोग्राम तक वजन "सही" माना जा सकता है। किसानों और जानकारों का कहना है कि यह बयान नियमों की भावना के खिलाफ है। तय वजन में किसी भी प्रकार की छूट का प्रावधान नहीं है, क्योंकि यही मापदंड किसानों के हितों की रक्षा करता है। ऐसे में शीर्ष स्तर से इस तरह का बयान नीचे तक गलत संदेश देता है।ळड (जिला महाप्रबंधक) द्वारा किए गए खरीदी केंद्र निरीक्षण को लेकर भी विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे सक्रिय कार्यकर्ता रोशन सिंह लोधी (पिपरिया खुर्द) एवं नीरज लोधी (बड़ागांव) ने निरीक्षण को केवल औपचारिकता बताया है। उनका कहना है कि निरीक्षण के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएँ खुलकर रखीं, लेकिन मौके पर किसी भी समस्या का त्वरित और ठोस समाधान नहीं किया गया।

विपक्ष का आरोप है कि खरीदी केंद्रों पर लंबे समय से वजन में गड़बड़ी, अतिरिक्त कट्टी वसूली, प्लास्टिक बोरी में तय सीमा से अधिक तौल, पीने के पानी की कमी, बैठने की व्यवस्था का अभाव और भुगतान में देरी जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं। इसके बावजूद निरीक्षण के समय व्यवस्थाओं को बेहतर दिखाने का प्रयास किया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। किसानों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। खरीदी केंद्र रायपुर के किसान आनंदीलाल प्रजापति ने बताया कि नियमों के विपरीत तौल की जा रही है। उनके अनुसार 60 कट्टी में एक किलो अतिरिक्त धान लिया गया और एक कट्टी अलग से एक्स्ट्रा रखी गई। इसके अलावा प्लास्टिक की बोरी में 41 किलो तक तौल की गई, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। वहीं किसान धर्मेंद्र लोधी ने आरोप लगाया कि उनकी धान की तौल 11 दिसंबर को हो चुकी थी, लेकिन अब तक उनके खाते में भुगतान नहीं आया है। उन्होंने इस संबंध में ळड (जिला महाप्रबंधक) को अवगत कराने का प्रयास किया, लेकिन कई बार संपर्क करने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता के अभाव और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक ओर तौल में गड़बड़ी और दूसरी ओर भुगतान में देरी ने किसानों की परेशानियाँ और बढ़ा दी हैं।

विपक्ष ने मांग की है कि खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त और पारदर्शी कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इस मुद्दे को और व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

अब सवाल यह है कि जब शिकायतें, बयान और निरीक्षणकृसब कुछ ळड (जिला महाप्रबंधक) के स्तर तक पहुँच चुका है, तो क्या व्यवस्था में वास्तविक सुधार होगा, या फिर किसान यूं ही नियमों की अनदेखी और अव्यवस्था का बोझ उठाते रहेंगे। जब जिला महा प्रबंधक ही 40.600 की जगह 41किलो लेने के लिए सही बता रहे हैं तो यह ढील नहीं तो क्या है जब अधिकारियों के द्वारा ही अपने कर्मचारियों को गलती पर डाटा नहीं जा रहा है इसी वजह से धान खरीदी केद वालों को बढ़ावा मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### मस्तान शाह मैदान में उर्स का समापन आज



**छतरपुर।** शहर के मस्तान शाह मैदान में तीन दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 13 जनवरी को फजिर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी और जुहर की नमाज के बाद परचम कुशाई, गुस्ल व चादरपोशी के साथ हुई। सूफी साहब के मैदान से चादर का जुलूस धूमधाम से रवाना हुआ। उर्स के दौरान बीती रात 9 बजे से कव्वालियों का शानदार अदबी प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें नागपुर से फैज़ान ताज, देवा शरीफ से गुलाम वारिस (खुसरो रागी) और मुंबई से अदनान अज़ीम नाज़ा ने अपनी कव्वालियों की प्रस्तुति दी। शुक्रवार को लंगर और छोटा कुल का कार्यक्रम, 16 जनवरी की सुबह महफिले खास के साथ उर्स का समापन होगा।

### कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को

**छतरपुर।** प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव छतरपुर (म.प्र.) ने छात्रों को सूचित करते हुए बताया कि कक्षा नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी 2026 शनिवार को आयोजित की जानी है। इसमें छतरपुर जिला के कक्षा नवमीं के लिए कुल 589 अभ्यर्थी एवं कक्षा ग्यारहवीं के लिए कुल 65 अभ्यर्थियो ने आवेदन किया है। इसके लिए पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, छतरपुर (म.प्र.) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस संबंध में सभी छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया है कि उक्त परीक्षा में उपस्थित होने हेतु एडमिट कार्ड या प्रवेश पत्र जारी हो चुके है। समस्त संबंधित अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की बेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव छतरपुर में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने की लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा

# सड़कों की सैम्पलिंग कर लैब में टैस्टिंग करा कर क्वालिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करें : कलेक्टर

**छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी एवं निर्माण विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क मार्गों के गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करें। सभी सड़कों की रेंडम सैम्पलिंग कर लैब में टैस्टिंग कराकर क्वालिटी रिपार्ट प्रस्तुत करें।**



उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करें अन्यथा संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। चंदला अजयगढ़ मुख्यमार्ग से लशगरया तक, पंचमपुर मेन रोड से धन्नु का पुरवा में धीमी गति होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही गौरिहार मुख्य मार्ग से माध्यमिक शाला पटना मार्ग के कार्यों की आरआरडीए लैब में टैस्टिंग कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्य में धीमी गति पाए जाने पर एसडीओ बिजावर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए एवं बमनौरा से दतला पहाड़ होते हुए घोशी रोड के कार्य की अत्यन्त खराब प्रगति पर एसडीओ लवकुशनगर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम सुनाटी मुख्य मार्ग से नए घर मचा तक मार्ग का कार्य अत्यन्त न्यून गति से किए जाने पर संबंधित ओम सांई कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गठेवरा में पुलिया निर्माण, बागेश्वर धाम लिंक रोड के कार्यों की सैम्पलिंग के लिए एमपीआरडीसी के माध्यम से सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निधवा पुरखरी से नाहरपुर मार्ग का कार्य अत्यंत धीमी गति से होने पर कृष्णा कंपनी के ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी (भवन) के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें बिजावर में 30 बिस्तरीय सीएचसी, मउ में हाई स्कूल के कार्य में गति बढाने के ईई पीआईयू को निर्देश दिए। काबर, देवरा एवं इमलिया में हाईस्कूल के निर्माण कार्य में खराब प्रगति पर संबंधित ठेकेदार एवं एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अक्टोहा एवं भितरिया में प्राईमरी स्कूल के कार्य में धीमी गति पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के ईई पीआईयू को निर्देश दिए। साथ ही अन्य निर्माण कार्यों को समयसीमा मे पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बक्सवाहा एवं गढ़ीमलहरा रेस्ट हाउस के प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश ईई पीआईयू को दिए।

### क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार कार्य का होगा सत्यापन -

कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई के फेज 4, मुख्यमंत्री मजरा टोला स्कीम आदि कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों के शेष सुधार कार्य पटवारी के माध्यम से सत्यापन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने म.प्र. भवन विकास निगम के सांदीपनि विद्यालय चंदला, बड़ामलहरा, बारीगढ़ एवं सीएचसी लवकुशनगर, तह. सटई एवं शा. कन्या पीजी महाविद्यालय के कार्यों को गति के साथ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग के हरपालपुर मार्ग एवं गुलगंज से अमानगंज कटनी मार्ग के कार्य में कोई प्रगति न आने पर विभागीय पीएस को पत्र लिखकर संबंधित दोनों कंपनी के ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेतु निर्माण नौगांव विभाग के काठन नदी पर बड़ामलहरा-कायन पुल पर जलमग्न पुल निर्माण के कार्य की जांच एसडीएम से कराने के निर्देश दिए और निर्देशित किया कि यदि कमी पाई जाती है तो संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्ट करें।

# तिल के लड्डू जैसी मिठास जीवन में बनी रहे: केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार



**छतरपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में भव्य पतंग प्रतियोगिता एवं अखंड रामायण पाठ के समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समिति के द्वारा बच्चों को निःशुल्क पतंगों का वितरण भी किया गया, रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान उल्लास और उमंग से भर गया। जहां एक ओर श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया, वहीं दूसरी ओर बच्चो और युवाओं ने पतंगबाजी में अपना हुनर दिखाया। समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि पतंगबाजी प्रतियोगिता में सर्वाधिक पतंग काटने वाले प्रतिभागियों को केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार जी द्वारा प्रथम पुरुष्कार यश कुशवाहा, द्वितीय पुरुष्कार रोशन रैकवार एवं तृतीय पुरुष्कार योगेश कुशवाहा को प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान भाजपा प्रदेशमंत्री श्रीमती अर्चना सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार हरिप्रकाश अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष कमलेश बरसैयां, पप्पू माली प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं तथा पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा इस पर्व पर तिल का अत्यधिक महत्व है, तिल के लड्डू लोगो के जीवन में मिठास घोलते हैं, यह पर्व जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देता है।



# जादू-टोना के शक में बुजुर्ग को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

### पुलिस ने चार नामजद आरोपियों पर दर्ज किया मामला

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बृजपुरा में एक वृद्ध के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने जादू-टोना करने का निराधार आरोप लगाते हुए न केवल घर में घुसकर हमला किया, बल्कि उन्हें जबरन उठाकर एक धार्मिक स्थल पर ले गए और वहाँ बंधक बनाकर मारपीट भी की। पीड़ति परिवार ने आरोपियों से अपनी जान का खतरा बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा और कठोर दंडात्मक कार्यवाही की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बृजपुरा निवासी 60 वर्षीय जुग्गे साहू पर गांव के मत्थु पटेल ने अपनी पत्नी की बीमारी का कारण जादू-टोना बताकर संदेह व्यक्त किया था। इसी विवाद के चलते मत्थु पटेल, कालीचरण, श्यामलाल और हरगोविंद ने लाठी-डंडों से लैस होकर पीड़ित के घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने बुजुर्ग को बेरहमी से पीटने के बाद उन्हें बूढ़ा बांध स्थित माता मंदिर में बंधक बना लिया और उन पर जादू-टोना करने की बात स्वीकारने का दबाव बनाया। पीड़ित के पुत्र मनप्यारे ने बताया कि ये लोग पहले भी उनकी माता को इसी तरह प्रताड़ित कर चुके हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# अज्ञात हमलावरों ने युवक को मारी गोली



### पुलिस ने मामले को बताया संदिग्ध, घायल का इलाज जारी

**बिजावर।** अनुभाग अंतर्गत जटाशंकर मार्ग पर रतुआ गांव के समीप बीती रात अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर गोली चला दी। वारदात उस समय हुई जब युवक बिजावर से अपने गांव वापस जा रहा था। घटना के बाद घायल को बिजावर पहुँचाया गया, जहाँ से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है, हालांकि प्रारंभिक जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम एरोरा निवासी रामेश्वर पुत्र सिद्दा अहिरवार बीती रात करीब 8 बजे के बिजावर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रतुआ के पास पीछे से आए दो बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उसकी पीठ पर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल रामेश्वर का पिछला रिकॉर्ड आपराधिक रहा है और वह पूर्व में कई मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस इस हमले को पुरानी रंजिश या आपसी विवाद से जोड़कर देख रही है, वहीं घटनाक्रम की कड़ियों को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की धरपकड़ हेतु नाकेबंदी कर दी गई है।

# मकान के भीतर संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

### एफएसएल और डॉग स्क्वायड ने खंगाला घटनास्थल

**चंदला।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलकौरा गांव में एक व्यक्ति का शव उसके ही घर में क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक पिछले दो दिनों से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिया था, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बंद मकान के भीतर से जब अनहोनी की आशंका हुई, तो पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुँचे प्रशासनिक अमले ने पाया कि मृतक का शरीर लहूलुहान स्थिति में था और उसके अंगों पर चोट के गहरे निशान मौजूद थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि 40 वर्षीय बिहारी अहिरवार गांव से कुछ दूरी पर स्थित



अपने निजी मकान में अकेले रहता था। जब वह काफी समय तक गांव में नजर नहीं आया, तो उसका बड़ा भाई बलदू अहिरवार उसे ढूँढते हुए घर पहुँचा। दरवाजे की दरारों से भीतर झांकने पर उसे भाई का शरीर चारपाई के पास पड़ा दिखाई दिया। सूचना पर पहुँचे थाना प्रभारी और पुलिस बल ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया, जहाँ बिहारी का शव पड़ा था। सरपंच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक की नाक पर घाव के निशान थे और गले की त्वचा भी क्षतिग्रस्त थी, जिससे मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। बुधवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुँची एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया है। चिकित्सकों की एक विशेष समिति द्वारा शव का विच्छेदन कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच का दायरा बढ़ा दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।




# निर्दोष को फंसाने की डिजिटल साजिश...?

### दावाः एआई से फोटो जनरेट कर हाथ में थमाई पिस्टल

**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम कलानी निवासी देवी सिंह बुंदेला ने उनके साथ डिजिटल जालसाजी का एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। उनका कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी इंस्टाग्राम फोटो को एडिट कर हाथ में फर्जी पिस्टल दिखा दी। इस छेड़छाड़ की गई फोटो को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कराने की साजिश रची गई, जिसके चलते गढ़ीमलहरा पुलिस ने उन्हें घंटों थाने में बिठाए रखा। पीड़ित ने जब अपनी असली फोटो पुलिस को दिखाई, तब जाकर वे निर्दोष साबित हुए और उन्हें राहत मिली। अब अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को पहुंचे ठेस के बाद पीड़ित ने एसपी अगम जैन को शिकायती पत्र सौंपकर साइबर सेल से जांच कराने और दोषी जालसाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मतंगेश्वर धाम में मकर संक्रांति की धूम



### आस्था की डुबकी लगाने उमड़ा बुंदेलखंड

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के आराध्य देव भगवान मतंगेश्वर महादेव के मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अटूट आस्था का नजारा देखने को मिला। कड़ाके की ठंड के बावजूद तड़के 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का रेला शिवसागर तालाब की ओर उमड़ पड़ा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार, भक्तों ने तालाब के पवित्र जल में डुबकी लगाई और उसके पश्चात कतारबद्ध होकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।सुरक्षा और सुगमता की दृष्टि से खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल और थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सेन ने मंदिर परिसर एवं घाटों पर भारी पुलिस बल तैनात किया था। भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए। वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू अवस्थी) और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी की देखरेख में तालाब के घाटों की विशेष साफ-सफाई कराई गई थी, ताकि दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद की टीम ने स्वयं मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मकर संक्रांति का यह पर्व खजुराहो में धार्मिक सद्भाव और बुंदेली संस्कृति के उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। समूचे बुंदेलखंड से आए हजारों श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### हत्या का प्रयास करने वाले आधा दर्जन हमलावर गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिले की लवकुशनगर पुलिस ने बीते रोज ग्राम पटना में हुई फायरिंग और मारपीट की सनसनीखेज वारदात में त्वरित कार्यवाही करते हुए 6 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर घेराबंदी कर हमलावरों को दबोच लिया और उनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त देसी कट्टा, कारतूस और एक बोलेरो वाहन बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस ग्राम पटना में आपसी विवाद के चलते आरोपियों ने पीड़ति पक्ष पर हमला कर दिया था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए और फरियादी के बयानों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार आरोपियों में बरदानी पाल, राहुल, नरेश, आनंद उर्फ प्रांशु, सोनू और अभिषेक शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी प्रांशु पाल एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में पोक्सो एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे 4 गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य संभावित संपर्कों और फरार साथियों की तलाश कर रही है। पकड़े गए सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही अपराधियों को सख्त संदेश देने की मंशा से पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का जुलूस भी निकाला।

# केंद्रीय मंत्री ने हाई स्कूल चुरवारी का किया औचक निरीक्षण



### खराब निर्माण फिनिशिंग कार्य को लेकर जताई नाराजगी

**छतरपुर।** केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने गुरुवार को हाई स्कूल चुरवारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में प्रिंसिपल सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। केंद्रीय मंत्री ने पिछले वर्ष निर्मित स्कूल भवन का बारीकी से जायजा लिया, जहां निर्माण की गुणवत्ता खराब पाई। जिसमें दीवारों, प्लास्टर और निर्माण फिनिशिंग में खामियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताई। मौके पर ही केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन कर मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि शिक्षा संस्थानों में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल विभागीय स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### एक बगिया माँ के नाम योजना फलोद्यान विकास में सहायक - कलेक्टर

**कलेक्टर ने एक बगिया माँ के नाम योजना के हितग्राही के खेत में जाकर फलोद्यान पौधारोपण का किया निरीक्षण**

**रीवा।** स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों की स्वयं अथवा परिवार की एक एकड़ तक की भूमि में फलोद्यान विकास के उद्देश्य से एक बगिया माँ के नाम योजना संचालित है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रीवा जनपद के बिहरा गावं में स्वसहायता समूह की सदस्यों सरस्वती साकेत एवं कमला साकेत के खेत में पहुंचकर फलोद्यान पौधारोपण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह योजना सीमित संसाधन से आय ले रहे हितग्राहियों के लिए लाभप्रद है। कलेक्टर ने हितग्राही से संवाद करते हुए फलोद्यान पौधारोपण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। माया स्वसहायता समूह की सदस्य सरस्वती साकेत ने बताया कि आधा एकड़ जमीन में 50 आम के पेड़ लगाए गए हैं। जिनमें दशहरी, आम्रपाली तथा सुंदरजा आदि प्रजातियाँ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गेंहू की फसल के बगल में पौधे लगाए गए हैं। बड़े होने पर यह पौधे फल देंगे और जमीन में सब्जी एवं अन्य फसलों का उत्पादन मिलता रहेगा। इस अवसर पर बताया गया कि बिहरा गावं में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में हैं जिनकी खेती, किराना एवं सिलाई के कार्य से एक लाख रुपए तक की आमदनी है। इस गावं की स्वसहायता समूह की सभी महिलाएं लखपति दीदी हैं तथा गरीबी मुक्त भी हैं। कलेक्टर ने ग्रामवासियों एवं समूह के सदस्यों से अपेक्षा की कि गावं के युवाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूक करें। शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को आत्मनिर्भर किया जा सकता है। उन्होंने स्वसहायता समूह के सदस्यों को गावंवासियों को जागरूक करने की अपील करते हुए कहा कि यह गावं शहर से जुड़ा हुआ गावं है जहाँ फलोद्यान, सब्जी उत्पादन सहित अन्य कई गतिविधियों से आय प्राप्त कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि स्वसहायता समूह के सदस्यों को सीएलएफ से ऋण की भी सुविधा है। एक बगिया माँ के नाम योजना में पौधारोपण के लिए स्थल चयन कर जल की उपलब्धता का आकलन करते हुए फेंसिंग एवं पौधों को क्रय करने के लिए हितग्राही को राशि दी जाती है। इस अवसर पर सीईओ जनपद रीवा पूनम दुबे, जिला पंचायत नरेगा प्रभारी शिवकुमार सोनी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 4 लाख 12 हजार टन धान की हुई खरीद, अब तक किसानों को 699.16 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**रीवा।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 15 जनवरी तक 64289 किसानों से 4 लाख 12 हजार 897 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि कुल खरीदे गए धान में से 3 लाख 52 हजार 725 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 4 लाख 8 हजार 420 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 89 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 978 करोड़ 16 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 699 करोड़ 16 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।

## हृदय रोगों से ग्रसित महिलाओं का जटिलतम प्रोसीजर कर दिया नया जीवन

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने गर्भवती और दिव्यांग महिलाओं की बचाई जान

रीवा।

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लगातार हमदय रोगों के जटिलतम प्रोसीजर में नए-नए कीर्तिमान रच रहा है। गतदिनों कार्डियोलॉजी विभाग की टीम ने दो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रकरणों में सफल बैलून मिट्रल वात्युलोप्लास्टी प्रक्रिया करके मरीजों की जीवन रक्षा की, जो विध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।




गतिदिनों 32 वर्षीय एक गर्भवती महिला कार्डियालाजी विभाग के डॉ. एस.के. त्रिपाठी के पास आई, जिन्हें न्यूनतम शारीरिक गतिविधि में भी सांस फूल रही थी और लेटने पर भी सोना मुश्किल हो रहा था। इकोकार्डियोग्राफी से पता चला कि मरीज का मिट्रल वाल्व पूरी तरह सिकुड़ चुका था। गर्भावस्था जारी रखने में मरीज के जीवन को गंभीर खतरा था। महिला की पिछली दो प्रेग्नेंसी पहले ही असफल हो चुकी थी, इसलिए यह गर्भावस्था उनके लिए अत्यंत बहुमूल्य थी। ओपन हार्ट सर्जरी का विकल्प जोखिमपूर्ण होने के कारण टीम ने बेलून मिट्रल बाल्युलोप्लास्टी (एग्ज) का निर्णय लिया। हाई रिस्क लेकर डॉ. एस.के. त्रिपाठी और डॉ. सुरेंद्र तिवारी ने यह प्रक्रिया अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न की। अब महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और अपनी गर्भावस्था सुरक्षित रूप से जारी रख पाएंगी। यह रीवा में इस प्रकार का पहला प्रकरण है। जिसे सफलतापूर्वक इलाज दिया गया। इसी प्रकार एक अन्य महिला, जिन्हें बचपन में पोलियोमाइलाइटिस की बीमारी के कारण एक पैर पतला और कमजोर हो गया था। इस शारीरिक चुनौती के कारण प्रक्रिया और अधिक जटिल थी। फिर भी डॉ. सुरेंद्र तिवारी, डॉ. पी.डी. त्रिपाठी और डॉ. एस.के. त्रिपाठी की टीम ने चुनौती स्वीकार की और सफलतापूर्वक पूरी की। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। टीम में कैथ लैब तकनीशियन जय नारायण मिश्रा, सत्यम शर्मा, मनीष तिवारी, सुमन साहू सुधांशु तिवारी, विजय, सोनाली, निकित तथा नर्सिंग स्टाफ मनीषा, शांति, सतेंद्र, किशोर, निधी, प्रीती, ललिता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन सफलताओ के लिये डीन डॉ. सुनील अग्रवाल और अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव ने पूरी कार्डियोलॉजी टीम को बधाई दी है।

## महापौर ने मिहिर सेन तरण ताल एवं अटल पार्क का किया भ्रमण



**रीवा।** महापौर अजय मिश्रा बाबा ने गुरुवार को मिहिर सेन तरण ताल एवं अटल पार्क का भ्रमण कर जायजा लिया। भ्रमण के दौरान महापौर ने मिहिर सेन तरण ताल परिसर में व्यवस्थाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने एवं निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही आवश्यक सुधार कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। महापौर ने अटल पार्क में नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु हरियाली, पाथवे एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह एवं सहायक यंत्री एसके गर्ग, अभिनव चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अकार्यशील 95 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस

**रीवा।** रीवा एवं मऊगंज जिले में अकार्यशील 95 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस जारी किया गया है। समितियों के वित्तीय पत्रक का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि समितियों द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से कोई कार्य नहीं किया गया है। जिस पर उपायुक्त सहकारिता ने समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के तहत परिसमापन का नोटिस जारी किया है। समितियों को परिसमापन में लाने के पूर्व समिति के पदाधिकारी को समिति के संचालन के लिए 26 जनवरी तक कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अन्यथा की स्थिति में समितियों के परिसमापन की कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त सहकारिता ने 43 दुग्ध सहकारी समितियों, 5 बीज उत्पादक वर्ग की सहकारी समितियों, 13 मत्स्य सहकारी समितियों, 12 बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, 8 उपभोकत भंडार सहकारी समितियों और 14 अन्य वर्ग की सहकारी समितियों को अकार्यशील रहने पर परिसमापन का नोटिस जारी किया है।

# केंद्रीय विद्यालय के कक्षा सात के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाले सुलभ पुरवार के बेटे कान्हा पुरवार ने आत्मघाती कदम उठा लिया। कान्हा 7 वीं कक्षा का छात्र था और पास के स्कूल में पढ़ाई करता था। परिजनों के अनुसार, कान्हा रोज की तरह स्कूल से घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद उसने कपड़े बदले और छत पर चला गया। कुछ समय बाद वह नीचे कमरे में गया, जहां उसने मां के दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया गया कि वह प्रतिदिन कपड़े बदलने के बाद खाना खाने नीचे आता था, लेकिन काफी देर तक जब वह खाना खाने नहीं पहुंचा तो उसकी दादी उसे बुलाने कमरे में गईं। कमरे में पहुंचने पर दादी ने देखा कि



कान्हा फांसी के फंदे से लटका हुआ है। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में किसी सुसाइड नोट की जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्र किसी मानसिक दबाव, पारिवारिक कारण या अन्य किसी वजह से परेशान तो नहीं था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद क्षेत्र में शांति बनी हुई है। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## रीवा- सीधी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, बस-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन की मौत

**रीवा।** जिले के रीवा सीधी मुख्य मार्ग पर मंगलवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटा नाला के पास हुआ, जहां सीधी से यात्रियों को लेकर रीवा जा रही कृष्णा ट्रेवल्स की यात्री बस और एक




बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक ने अस्पताल पहुंचते ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मोहित कोल (18) निवासी भीतरी, आशीष कोल (20) निवासी पनवार सेंगरान और 17 वर्षीय नाबालिग दीपक कोल निवासी पनवार सेंगरान के रूप में हुई है। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर जमोड़ी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। हालांकि डॉक्टरों ने दो युवकों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर निगरानी में खड़ा करा दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीधी–रीवा मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ननि की कुर्की की कार्रवाई से हड़कंप, नौ बड़े बकायादारों ने मौके पर चुकाया टैक्स, संपत्तिकर वसूली में सख्ती, टीम द्वारा कुर्की कार्रवाई निरंतर जारी

**रीवा।** शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करते हुए कुर्की अभियान निरंतर जारी है। अंतिम सूचना के बावजूद बकाया राशि जमा न करने वाले बड़े करदाताओं के विरुद्ध निगम द्वारा मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

वसूली अभियान को तेज करते हुए जोन क्रमांक-04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्रवाई हेतु पहुँची, जहां कार्रवाई के दौरान सभी 09 बड़े बकायादारों द्वारा मौके पर ही बकाया संपत्तिकर राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। वसूली अभियान को तेज करते हुए जोन क्रमांक 04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जिसमें सभी बकायादारो द्वारा मौके पर राशि जमा की। जोन क्रमांक 04 में कुर्की की कार्यवाही के दौरान मिथिलेश प्रसाद तिवारी बकाया राशि 118752 रू., ठाकुरदास बकाया राशि 115488 रू., दिलीप कुमार



बकाया राशि 55122रू., आनंदराम बकाया राशि 90378 रू., सत्यप्रकाश बकाया राशि 44335 रू, महेश गुप्ता बकाया राशि 57158 रू., नरेन्द्र सिंह बकाया राशि 64724 रू., उदयभान सिंह बकाया राशि 68927 रू., रघुराई यादव बकाया राशि 62919 रू. नगर निगम कोष में जमा कराया गया। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त,राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा न होने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए थे। निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी भुगतान न करने पर कुर्की की कार्वाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बड़े बकायादारों के विरुद्ध इस प्रकार की कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के अंतर्गत देयक एवं धारा 174 के अंतर्गत मांग-पत्र तथा अंतिम सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित करदाताओं को बार-बार सूचित किया जाता रहा है। इसके बावजूद जिन संबंधित व्यक्तियों द्वारा निर्धारित राशि नही जमा किया जा रहा है उन पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अध्याय 12 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार, संपत्तिकर की वसूली हेतु नगर निगम को चल एवं अचल संपत्तियों के अधिहरण/आसेध की जावेगी। नगर निगम रीवा आम नागरिकों एवं संपत्तिधारकों से अपील करता है कि वे समय पर अपना संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर नगर के विकास कार्यों में सहभागी बनें।-

## संकल्प से समाधान अभियान में 197 आवेदन पत्र दर्ज

**रीवा।** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। विकासखण्ड जवा में 135, विकासखण्ड रीवा में 15, नगर निगम रीवा में 14, विकासखण्ड सिरमौर में 11, विकासखण्ड गंगेव में 10, विकासखण्ड त्योंथर में 3 तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार क्रेटा की टक्कर से होंडा सिटी विद्युत पोल से टकराई, एयरबैग खुलने से बची जान

**रीवा।** शहर के व्यस्ततम अस्पताल चौराहे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेटा कार की टक्कर से भोपाल नंबर की होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि होंडा सिटी कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवारों की जान बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली क्रेटा कार मौके से फरार हो गई। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना बुधवार देर रात अस्पताल चौराहे के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भोपाल नंबर की होंडा सिटी कार सीधी की ओर से आ रही थी। इसी दौरान अस्पताल चौराहे के पास एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार क्रेटा कार ने होंडा सिटी को जोरदार टक्कर मार दी और बिना रुके आगे निकल गई। टक्कर के बाद होंडा सिटी कार का चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे विद्युत पोल से जा टकराई। स्थानीय लोगों के अनुसार टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घबरा गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद काफी देर तक चौराहे पर यातायात प्रभावित रहा। हादसे में होंडा सिटी कार को भारी नुकसान हुआ है और वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एयरबैग खुलने के कारण कार सवारों को गंभीर चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।घटना के कई घंटे बाद तक दुर्घटनाग्रस्त कार घटनास्थल पर ही खड़ी रही। हादसे में शामिल कार सवारों ने घटना के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने देर रात हुई इस दुर्घटना के बारे में पुलिस को अवगत कराया।



# मऊगंज एसडीओपी ने सड़क हादसों को रोकने के लिए सक्रिय, आमजन को किया जागरूक

मऊगंजः

नेशनल हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से मऊगंज एसडीओपी द्वारा विशेष पहल की गई। इस अभियान के तहत आम जनता के साथ-साथ यातायात प्रभारी को भी शामिल करते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। एसडीओपी ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने और दुर्घटनाओं से बचाव के आवश्यक उपायों की जानकारी दी।एसडीओपी ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही, तेज रफ्तार, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करने तथा यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।ब्लैक स्पॉटों का किया गया निरीक्षणइसी क्रम में एसडीओपी एवं यातायात प्रभारी द्वारा नेशनल हाईवे पर चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति, साइन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग एवं अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर पाई गई कमियों को चिन्हित करते हुए यातायात प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जहां-जहां साइन बोर्ड नहीं हैं, वहां शीघ्र साइन बोर्ड लगाए जाएं, खराब या क्षतिग्रस्त रोड मार्किंग को दुरुस्त किया जाए तथा अंधेरे वाले स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।एसडीओपी ने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि ब्लैक स्पॉटों पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्य किए जाएं। साथ ही नियमित रूप से इन स्थानों की निगरानी की जाए और आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।इस दौरान यातायात प्रभारी ने एसडीओपी को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का शीघ्र पालन किया जाएगा और नेशनल हाईवे पर सड़क सुरक्षा को लेकर हर संभव प्रयास किए जाएंगे।एसडीओपी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को न्यूनतम करना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आम जनता का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता और सतर्कता से ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।



## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत दुआरी का किया निरीक्षण



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने ग्राम पंचायत दुआरी का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत परिसर में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्र भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत परिसर की अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सम्पूर्ण परिसर को व्यवस्थित कराएं। कलेक्टर ने आयुष्मान केन्द्र के संचालन एवं चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति व इलाज सुविधा के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीईओ जनपद रीवा पूनम दुबे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।